Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the poor services of BSNL in Ratlam.

श्री गुमान सिंह दामोर (रतलाम): अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे सदन में बोलने का मौका दिया है । मेरे संसदीय क्षेत्र के दो जिले झाबुआ और अलीराजपुर में बीएसएनएल की सर्विसेज पूरी तरह से ठप हो चुकी हैं । वहां न तो लैंडलाइन के फोन चल रहे हैं और न ही बीएसएनएल के फोन चल रहे हैं । जब मैंने अधिकारियों से बात की तो उन्होंने बोला कि हमें पिछले पांच-सात महीनों से वेतन नहीं मिला, मजदूरों को देने के लिए पैसा नहीं है और जो केबल कट जाती है तो हमारे पास केबल भी नहीं है । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि इस ओर विशेष ध्यान दे कर इस समस्या का निराकरण करें ।